हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

11 नरवाना में विकास का पहिया चलता रहेगाः बेदी



11 बच्चों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से मोहा मन




## खबर संक्षेप

### मारने की धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घर में घुस कर चोरी करने का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पिल्लुखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि गांव ढाठरथ निवासी विकास ने पुलिस को शिकायत दी कि कि गांव का ही राहुल उर्फ अतुल उसके घर में घुस कर अलमारी को टटोल रहा था।

### कार की चपेट में आने से युवक की जान गई

**कैथल।** कैथल-कुरुक्षेत्र रोड पर गांव ग्योंग में शनिवार रात के समय कार की टक्कर लगने से पैदल जा युवक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मामले में एक राहगीर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### रोहतक में दवा लेने गई महिला लापता

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के एक वार्ड से संबंधित 20 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला रोहतक स्थित पीजीआई में दवाई लेने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। इस संबंध में परिजनों ने जुलाना थाना पुलिस को शिकायत दी। जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना के वार्ड निवासी युवक ने पुलिस को शिकायत दी है।

### कैथलः 585 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने सैक्टर-20 मार्केट के पास कार्रवाई करते 585 ग्राम गांजा फुल-पत्ती सहित युवक को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एसआई बलराज सिंह की टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान सैक्टर-20 मार्केट के पास संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक के आधार पर टीम ने पीछा कर उसे काबू कर लिया।

### आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस

**जींद।** नरवाना में दिनदहाड़े व्यापारी पर हुई फायरिंग व फिरौती की वारदात को लेकर अग्रवाल समाज के प्रधान एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार गोयल ने गहरा रोष व्यक्त किया है। कहा कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से व्यापारी वर्ग में भय व असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 17 को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में 17 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष योग राज करेंगे।

### जींदः दो महिलाओं से मारपीट, तीन नामजद

**जींद।** गांव शाहपुर में दो महिलाओं के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी विजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के मनमोहन परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसकी मां तथा मौसी घर की तरफ लौट रही थी।

### स्टोरिये से 7520 रुपये नकदी बरामद

**कैथल।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन तहत सट्टा खाईवाली करने वाले अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए थाना सीवन पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू करके 7520 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन पुलिस के एचसी बलजीत की टीम को गस्त दौरान गुप्त सूचना मिली थी।



जींद। कोहरे के चलते अलग-अलग सड़क हादसों में दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन। फोटो :हरिभूमि

### जींद में नेशनल हाइवे 152डी पर टकराए 20 से अधिक वाहन, दर्जनभर लोग घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

# घने कोहरे की पहली दस्तक, हादसों ने किया बेहाल

**रैली में दिल्ली जा रही बस की कैंटर से टक्कर 35 लोग सवार थे**

## गांव निडानी के पास सवारियों से भरी बस की ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में रविवार को पहली बार कोहरे ने ही आमजन को हादसों से बेहाल किया। पहले दिन ही जिले में अलग-अलग स्थानों पर दर्जनों सड़क हादसे हुए। इन हादसों में दर्जनों लोग घायल भी हुए। गनीमत यह रही कि हादसों में किसी की मौत नही हुई बस मामूली चोटें आई। नेशनल हाइवे 152 डी पर 20 से अधिक वाहन आपस में ही टकरा गए। इस कारण यहां जाम लग गया। काफी देर बाद वाहनों को क्रेन की मदद से साइड में किया तो रास्ता साफ हुआ। निडानी गांव के पास एक सहकारी समिति की बस की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। वहीं हैबतपुर गांव के पास दिल्ली रैली में जा रही एक बस की कैंटर से टक्कर हो गई। इनमें से पांच लोग ही उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचे। अन्य लोग अपने-अपने स्थानों के लिए निकल गए। रात को ही 10 बजे के आसपास जिले में घना कोहरा छाने लग गया था। सुबह लगभग छह बजे नारनौल-अंबाला नेशनल हाइवे 152डी पर आसन गांव के आसपास अचानक एक वाहन ने दूसरे में टक्कर मार दी। टक्कर होने के बाद दोनों वाहन रास्ते में ही खड़े हो गए। इसी कारण काफी वाहन आपस में ही टकरा गए। इस प्रकार एक-दूसरे में टक्कर लगने के कारण 20 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें काफी लोगों को हलकी चोटें आई। एक घंटे तक हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से वाहनों को रास्ते से हटाकर साइड में लगाया गया। इसके बाद ही रास्ता साफ हो पाया। यह सभी वाहन अंबाला की तरफ से नारनौल जा रहे थे। इनमें एक रोडवेज की बस, चार ट्रक तीन कैंटर तथा काफी अन्य छोटी कार शामिल रही। निडानी गांव के पास जींद से गोहाना की तरफ जा रही एक सहकारी समिति की बस कोहरे के चलते ट्रैक्टर व ट्राली से टकरा गई। इसमें भी तीन लोगों को मामूली चोट आई है। बस चालक को ट्रैक्टर ट्राली दिखाई नहीं दी। इसी कारण यह हादसा हो गया। इस बस में 40 के आसपास यात्री सवार थे। जींद से दिल्ली कांग्रेस की रैली में जा रही एक बस की हैबतपुर गांव के पास एक कैंटर से टक्कर हो गई। इस बस में 35 लोग सवार थे। जो कांग्रेस की दिल्ली में हो रही रैली में शामिल होने जा रहे थे। ज्यादा कोहरे के कारण इस बस की टक्कर कैंटर से हो गई। इस सड़क दुर्घटना में कैंटर तथा बस दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई।


जींद। सुबह के समय छाया घना कोहरा। फोटो :हरिभूमि

#### नागरिक अस्पताल पहुंचे पांच लोग

इन सड़क हादसों में पांच ही लोग नागरिक अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें फतेहाबाद जिले के गांव बुढ़िया खेड़ा निवासी ज्योति, करनाल जिले के गांव सुलतानपुर निवासी नन्ही, ढांडा खेड़ी गांव निवासी मोहित, अमरहेड़ी गांव निवासी अंकित तथा जीतगढ़ गांव निवासी विजय शामिल हैं।

#### राहुल बाइक से गिरकर घायल

नगूरां निवासी राहुल सुबह बाइक पर जींद की तरफ आ रहा था। जब वह कंडेला गांव के पास पहुंचा तो अचानक उसके सामने एक कुत्ता आ गया। राहुल को जब एकदम कुत्ता दिखाई दिया तो उसने ब्रेक लगा दिए। इससे उसकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इसमें राहुल घायल हो गया।

#### विशेष सावधानी बरतें

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि वाहन चालकों को कोहरे के दौरान विशेष सावधानी रखनी चाहिए। लाइटों को जलाकर धीमे वाहन चलाने चाहिएं ताकि ब्रेक लगाने पड़े तो वाहन कंट्रोल हो सके। जिले में कई स्थानों पर वाहनों के टकराने की सूचना मिली है। ज्यादा कोहरे के कारण यह हादसे हुए हैं। इसके अलावा अपनी लाइन में ही चलना चाहिए। जिंदगी खोने से देरी में ही भलाई है।

### धुंध के चलते ट्रेनों का संचालन भी बाधित रहा

**जींद।** धुंध के चलते ट्रेनों का संचालन भी बाधित रहा। इसमें छिंदवाड़ा एक्सप्रेस सवा घंटा, फरक्का एक्सप्रेस पांच घंटे, पातालकोट एक्सप्रेस लगभग एक घंटे और इंटरसिटी एक्सप्रेस 53 मिनट लेट रही। ट्रेन नंबर 14623 फिरोजपुर कैंट से सुबह चार बजकर 10 मिनट पर चलती है। जो फरीदकोट, कोटकपुरा, बठिंडा, मानसा, जाखल के रास्ते आठ बजकर 56 मिनट पर जींद पहुंचती है। सुबह दस बजकर 12 मिनट पर जींद पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 1573 फरक्का एक्सप्रेस शाम पांच बजे बालूरघाट के रासते फरक्का जंक्शन होते हुए सुबह आठ बजकर 18 मिनट पर सुबह जींद जंक्शन पहुंचती है। जो पांच घंटे लेट होने की वजह से दोपहर बाद तीन बजकर 28 मिनट पर जींद पहुंची। जो पांच घंटे लेट रही। वहीं ट्रेन नंबर 20424 पातालकोट एक्सप्रेस फिरोजपुर से चलकर लगभग नौ बजे जींद पहुंचती है। यह ट्रेन भी लगभग सवा 10 बजे जींद पहुंची। वहीं ट्रेन नंबर 12482 इंटरसिटी एक्सप्रेस छह बजकर 10 मिनट पर गंगानगर से चलती है। जो लगभग 11 बजे जींद पहुंचती है। यह ट्रेन 11 बजक 53 मिनट पर जींद पहुंची।


राजौंद। गांव कोटड़ा के खेतों में लहराती गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

## कैथलः ठंड बढ़ने से खिले गेहूं उत्पादक अन्नदाताओं के चेहरे

**राजौंद।** दिसंबर माह में बढ़ रही ठंड से जहां बच्चे व वृद्ध भी ठिठुरने लगे हैं वहीं बढ़ती ठंड किसानों की गेहूं की फसल के लिए सोना साबित होने के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। जैसे जैसे ठंड बढ़ रही है वैसे गेहूं की फसल विकसित हो रही है। अगेती फसलों की बिजाई में किसान पानी के साथ साथ खाद बीज डाल चुके हैं। लेकिन सर्दी न पड़ने की वजह से उनकी फसल का सही विकास नहीं हो रहा था। अब पिछले कई दिनों से ठंड बढ़ने के साथ गेहूं की फसल के लिए कोहरा सोने पर सुहागा साबित हो रहा है। जैसे जैसे ठंड बढ़ेगी उसके अनुसार ही किसान की फसल में तेजी से बढ़ वार व फुटाव भी अधिक होगा।

#### यातायात प्रभावित

**सीवन।** क्षेत्र में सर्दी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले दो दिनों से सुबह के समय घनी धुंध छाई हुई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही और वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रही, जिसके चलते लोग अतिरिक्त सावधानी बरतते नजर आए। सुबह के समय कोहरा छाए रहने के बाद जैसे-जैसे धूप निकली, वैसे-वैसे धुंध छंट गई। धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन यह राहत अस्थायी साबित हुई। शाम ढलते ही एक बार फिर ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए और तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। हालांकि आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही यह सर्दी और कोहरा किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

# जातीय विष को रोकने के लिए 17 दिसंबर को जींद में होगी पंचायत

■ पूर्व प्रधान पंडित सियाराम शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

समाज में समरसता बनी रहे और भाईचारा अतीत की भांति मजबूत रहे इसके लिए रविवार को सफीदों रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक ब्राह्मण सभा जींद के पूर्व प्रधान पंडित सियाराम शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ब्राह्मण सभा के पूर्व प्रधान राजेश गौतम ने कहा कि पिछले कई दिनों से हरियाणा में जातिगत टिप्पणियों के कारण जो माहौल खराब हो रहा है। उसे रोकने के लिए ही यह बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में कई घंटों चिंतन-मनन के बाद निर्णय लिया गया कि समाज में फैली हुई जातीय विष की बुराई को खत्म करने के लिए एक सहमति बनाई जाए। इसलिए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों समाज के प्रतिनिधियों को एक मंच पर आकर इस बुराई को दूर करने के लिए ऐसे सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। जिससे समाज में भाईचारा मजबूत हो और वह सशक्त रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों समाजों की अहम बैठक से पहले 17 दिसंबर को ब्राह्मण धर्मशाला में एक जिला स्तरीय बैठक की जाएगी। इस बैठक में ब्राह्मण सभाओं के प्रधान, ब्राह्मण खापों के प्रतिनिधि, ब्राह्मण सरपंच, जिला व नगर परिषद के ब्राह्मण सदस्य और इसके अलावा तमाम प्रबुद्धों जिनका समाज की रचनात्मक क्रियाकलापों में अनुभव हो। उनको आमंत्रित किया जाएगा। सभा के पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव समरसता का संदेश दिया है।

# युवती ने साथियों संग करवाया युवक का अपहरण

» खुद किया डायल 112 पर फोन, 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक को दिनदिहाड़े पार्क से अगवा कर लिया गया। मामला बस स्टैंड और जवाहर पार्क इलाके का बताया जा रहा है। पीड़ित का नाम मनदीप है, जो कलायत के एक गांव का रहने वाला है। मनदीप का आरोप है कि उसकी करीब चार साल से एक युवती लड़की से दोस्ती थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। 13 दिसंबर को बस स्टैंड पर दोनों की मुलाकात हुई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सुष्मिता के साथ आए कुछ युवक मनदीप को जवाहर पार्क में बुलाकर वहां मारपीट करने लगे। जब लोगों की भीड़ जमा होने लगी तो आरोपियों ने उसे गाड़ी में डालकर अगवा कर लिया। पीड़ित के अनुसार गाड़ी को सनी नामक युवक चला रहा था, जबकि लड़की अपने दो भाइयों और कुछ अन्य लोग भी मौजूद थे। रास्ते में मनदीप के साथ डंडों से पिटाई की गई और उसकी वीडियो बनाकर उससे जबरन बयान दिलवाया गया। बाद में लड़की ने खुद डायल 112 पर कॉल की, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।


कैथल। पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपी। फोटो :हरिभूमि

#### जांच जारी

कलायत थाना पुलिस ने गाड़ी और कुछ आरोपियों को काबू कर लिया। घायल मनदीप को पहले कलायत अस्पताल और फिर रेफर करके कैथल के सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे कुल छह चोटें बताई हैं। पुलिस ने मामले विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, दो अन्य आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और लड़की से भी पूछताछ की जाएगी।

### वीटा के टीनों में भरा गया था नकली घी, 275 लीटर नकली घी बरामद

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया नकली घी फैक्टरी का भंडाफोड़

■ दो माह पहले जेल से छूट कर आया था आरोपित, फिर किया नकली घी का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खाद्य सुरक्षा विभाग तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने उचाना के खापड़ रोड पर एक मकान पर छापेमारी कर नकली देशी घी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से 275 लीटर नकली देशी बरामद किया है। जिसमें 210 लीटर 14 वीटा के टीनों में भरा गया था। जबकि 65 लीटर घी खुला था। टीम ने घी के सैंपल भर कर लैबोरटरी भेज दिए हैं। वीटा अधिकारियों की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि उचाना के खापड़ रोड पर मकान किराये पर लेकर उसने नकली देशी घी की फैक्टरी चलाई जा रही है। जिसके आधार पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कादियान के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ मकान पर छापेमारी की गई। वहां पर जींद निवासी नंदकिशोर मिला। जब मकान की तलाशी ली तो वहां पर 14 टीन वीटा घी के मिले। जिसमें 210 लीटर घी भरा गया था। जबकि 65 लीटर घी खुला रखा हुआ था। काफी मात्रा में वीटा के रेपर तथा टीन, लेबल, ऐसेंस बोतलें भी मिली। इसके अलावा पैकिंग मशीन, गैस सिलेंडर, कड़ाही व अन्य सामान मिला। सूचना पाकर वीटी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जांचने पर टीन नकली मिले। वनस्पति ऑयल में ऐसेंस डाल कर नकली वीटा घी तैयार किया जाता था। टीम ने घी के सैंपल भर कर लैबोरटरी भेज दिए हैं।


जींद। मौके पर टीम की गिरफ्त में मौजूद नंदकिशोर। फोटो :हरिभूमि

#### मामले की जांच जारी

बताया जाता है कि नंद किशोर नकली घी मामले में दो माह पहले तिहाड़ जेल से आया था। जिसके बाद उसने उचाना में फिर से नकली घी तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया। वीटा अधिकारी की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस नदं किशोर के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी की गई थी। वीटा का नकली घी तैयार किया जा रहा था। वीटा की तरफ से आरोपित के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

### सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर हड़पे 25 लाख

**जींद।** सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर 25 लाख रुपये हडपने पर गढ़ी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उझाना निवासी विजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही विरेंद्र से पुरानी जान पहचान रही है। फायर बिग्रेड मे काम करने वाले विरेंद्र ने वर्ष 2023 में बताया कि उसकी सरकार में अच्छी जान-पहचान है। वह उसे सरकार नौकरी लगवा देगा। सरकारी नौकरी लगवाने की एवज में आरोपित ने 25 लाख रुपये की डिमांड की। एक सितंबर 2023 को आरोपित को 25 लाख दे दिए गए। जिसके बाद उसने रेलवे तथा पुलिस के फार्म अप्लाई किए। बावजूद इसके उसका सिलेक्शन नही हुआ। जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपित ने कुछ समय इंतजार करने के लिए कहा था।



## गीता जयंती महोत्सव

कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव, भगवद गीता के जन्मदिवस (मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी) के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह एक विशाल वार्षिक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जहां भक्त ब्रह्म सरोवर में स्नान करते हैं, श्लोक पाठ, भजन, नाटक और शिल्प मेले (सरस मेला) में भाग लेते हैं। यह आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और हरियाणा पर्यटन द्वारा कई देशों की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाता है। यह महोत्सव 2016 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

# कला और संस्कृति का अनूठा संगम है फल्गु महोत्सव

**लोक परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।**

संस्कृति

रामबीर सिंह 'राम'





हरियाणा की संस्कृति और परम्पराएं अद्भुत हैं। यहाँ की माटी से उठती सुगंध केवल खेत-खलिहानों तक सीमित नहीं है बल्कि लोकगीतों, नृत्यों, रागनियों और धार्मिक आस्थाओं में भी साँस लेती है। इन्हीं लोक परंपराओं को जीवित रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है 'फल्गु लोककला महोत्सव'। जो न केवल एक सांस्कृतिक आयोजन है, बल्कि यह संस्कृति के प्रति एक संकल्प, एक यात्रा और एक ऐसे आंदोलन की शुरुआत है जो हमारी विरासत को आधुनिकता की दौड़ में संरक्षित करने का प्रयास करता है।

इस महोत्सव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ-साथ यह भी सिद्ध कर दिया कि लोककलाएँ आज भी समाज की आत्मा हैं और जब इन्हें उचित मंच मिलता है, तो ये सांस्कृतिक चेतना की नई धाराओं को जन्म देती हैं। ऐसे में यह उत्सव तब और भी प्रासंगिक तथा प्रभावशाली हो जाता है जब इसका आयोजन कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन पर किया जाता है। हरियाणा के कैथल जिले के गाँव फरल में स्थित फल्गु तीर्थ यानि फल्कीवन की बात चली है तो बताते चलें कि वामन पुराण के अनुसार, घने वनों से आच्छादित कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर सात प्रमुख वन थे, जिनमें से एक था फल्कीवन। यह पावन भूमि सरस्वती और दृषद्वती नदियों के जल से पोषित थी। दृषद्वती नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन तक रहा है, जिसके अवशेष आज भी गाँव फरल के पूर्व में देखे जा सकते हैं। इस भूमि पर महर्षि श्री फल्क ने कठोर साधना की, और उन्हीं के नाम पर यह स्थान 'फल्कीवन' कहलाया। कालांतर में, यही वन फल्गु तीर्थ बना और इसके कारण ही गाँव का नाम 'फरल' पड़ा। यह तीर्थ पितृकर्म के लिए विश्वभर में विख्यात है, जिसका वर्णन महाभारत, वामन पुराण, मत्स्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में मिलता है। वामन पुराण के 36वें अध्याय में वर्णित है :

*"सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन तथा।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।49।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणाति नित्यशः।*
*तथा श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।50।।"*

अर्थात सोमवार के दिन अमावस्या के अवसर पर फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को गया जी में किए गए श्राद्ध की तरह ही तृप्त और प्रसन्न करता है।

फल्गु तीर्थ केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक धरोहर भी है। यहाँ 17वीं शताब्दी का मुगलकालीन शिव मंदिर, नागर शैली में निर्मित राधा-कृष्ण मंदिर, विशाल सरोवर और एक अत्यंत प्राचीन वटवृक्ष इसकी महत्ता को और भी बढ़ा देते हैं। समीप स्थित पणिश्वर तीर्थ भी है, जिसे महाभारत के अनुशासन पर्व में 'पाणिखात' कहा गया है।

फल्गु तीर्थ पर सांस्कृतिक आयोजनों का इतिहास भले ही शानदार हो, लेकिन इस आयोजनों के बीच आने वाला लंबा अंतराल परंपरा के सरंक्षण में बाधक बन रहा था। जिसे दूर करने का बीड़ा फल्गु मंदिर सुधार समिति ने उठाया। समिति के संरक्षक जयगोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में, वर्ष 2011 में पहली बार एक दिवसीय भजन संध्या का आयोजन हुआ। यह छोटा-सा प्रयास गाँव की सांस्कृतिक चेतना को जगाने वाला दीपक साबित हुआ। धीरे-धीरे यह परंपरा बढ़ती गई और उत्सव का दायरा एक दिन से बढ़कर सात दिन तक पहुँच गया। हरियाणवी सांग, रागनी, लोकनृत्य, भजन और कवि सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रमों ने इस मंच को बहुआयामी बना दिया। 2016 में जब हरियाणा कला परिषद इस उत्सव से जुड़ी, तो आयोजन को नई ऊर्जा मिली। सरकार के सहयोग और कलाकारों की बढ़ती भागीदारी ने इसे राज्यस्तरीय पहचान दिलाई। वर्ष दर वर्ष इस महोत्सव में कलाकारों की संख्या निरंतर बढ़ती रही। 2016 में जहाँ 35 कलाकारों ने भाग लिया, वहीं 2017 में यह संख्या 180 तक पहुँच गई। 2018 और 2019 में यह परंपरा जारी रही। 2020 में महामारी के कारण उत्सव ऑनलाइन आयोजित हुआ, जिसमें 120 कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। 2021 से फिर प्रत्यक्ष आयोजन शुरू हुआ और हरियाणा साहित्य अकादमी भी इससे जुड़ गई। इससे गाँव में कवि सम्मेलन की एक नई परंपरा का जन्म हुआ, जिसने लोककलाओं के साथ-साथ साहित्य को भी इस मंच पर स्थान दिया। यह उत्सव हरियाणा सरकार की विभिन्न परीक्षाओं में भी एक प्रश्न बनकर उभरा है कि 'फल्गु उत्सव कब और कहाँ आयोजित होता है?', जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता और महत्ता को दर्शाता है। वर्ष 2022 में पहले आयोजनों की परंपरा को निभाने के बाद वर्ष 2023 से महोत्सव कला और सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा की वित्तीय सहायता से तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

हाल ही में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में 12 से 14 सितम्बर 2025 तक फल्गु तीर्थ, फरल (कैथल) में तीन दिवसीय फल्गु लोककला महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली और क्षीरधारा करनाल का विशेष सहयोग रहा। 12 सितम्बर को पहले दिन हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा (निदेशक, उर्दू प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) के सान्निध्य में मुख्य अतिथि सतपाल जाम्बा, विधायक पूंडरी, अध्यक्ष मनजीत सिंह (सदस्य सचिव, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी) तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामबीर सिंह 'राम' और समाजसेवी विकास गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुकेश द्वारा गणेश वंदना, सत्यवान व सोनी की 'कुएं की पनिहारी', सीमा वत्स की 'काला-काला कहे गुजरी' तथा बलराज और उनकी टीम की 'जर-जोरू और जमीन' जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को लोक-संवेदना से भर दिया।महोत्सव के दूसरे दिन 13 सितम्बर को लोकगायन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामपाल सैनी (कुलपति, चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद), अध्यक्ष पद्मश्री महाबीर गुड्डू और विशिष्ट अतिथि डॉ. ऋषिपाल (प्राचार्य, जनता कॉलेज, कौल) ने किया महाबीर गुड्डू ने भी सुप्रसिद्ध रागनी 'गंगा जी तेरे खेत मैं' प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। 14 सितम्बर को अंतिम दिन हरियाणवी मखौल एवं कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री (कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी), अध्यक्ष सुभाष गर्ग, विशिष्ट अतिथि कर्म सिंह, डॉ. पवन वर्मा (निदेशक, आकाशवाणी हिसार) और विजय सिंगला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कवयित्री अनामिका वालिया, हास्य कलाकार संजीत कौशिक, प्रदीप सिंह, आजाद दुहन, विनीत पांडेय और गीतकार चरणजीत 'चरण' की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को हँसी, व्यंग्य और भक्ति के संगम से सराबोर कर दिया। तीनों दिन फल्गु तीर्थ परिसर लोकसंगीत, नृत्य और काव्य से गूंजता रहा। सभी अतिथियों ने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा और फल्गु मंदिर सुधार समिति को साधुवाद देते हुए ऐसे आयोजनों को हरियाणवी विरासत के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी तक इसके प्रसार का प्रेरणास्त्रोत बताया।



वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा इसे "एक सांस्कृतिक चेतना का उत्सव" कहते हैं, जो समाज के लिए एक सुखद अनुभव और उदाहरण प्रस्तुत करता है। जबकि हिंदी मंच संचालन के शिखर पुरुष जैनेन्द्र सिंह की नज़र में 'फल्गु उत्सव' अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं को समर्पित एक सकारात्मक और सफल प्रयास है जो समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ. जी.एस. चौहान का मानना है कि यह शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना का संगम है, जो युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ता है। इसी प्रकार उत्तर मध्य सांस्कृतिक कला केंद्र के निदेशक सुदेश शर्मा इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का सपना देखते हैं और इसे संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक सार्थक योगदान मानते हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंहल कहते हैं कि फल्गु उत्सव का आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तीर्थों के प्रचार-प्रसार और रख-रखाव के संकल्प में सहयोगी प्रतीत होता है।

वहीं लंदन में रहने वाले प्रसिद्ध रेडियो कलाकार रवि शर्मा का मानना है कि ऐसे आयोजन मन को आनंदित करते हैं। पद्मश्री महाबीर गुड्डू कहते हैं कि 'फल्गु लोककला महोत्सव' कला और संस्कृति के आनंद का उत्सव है। महोत्सव के संयोजक दिनेश शर्मा 'दिनेश' का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में यह महोत्सव फल्गु मेले के रूप में विकसित हो, जो पितृपक्ष के पूरे सोलह दिनों तक चले और हजारों कलाकारों तथा लाखों श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ दे। उनका मानना है कि यह न केवल संस्कृति के संरक्षण का एक प्रयास है, बल्कि फल्गु तीर्थ को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने का भी एक माध्यम है। फल्गु तीर्थ की पावन भूमि पर आयोजित यह महोत्सव हमें यह संदेश देता है कि संस्कृति केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा है। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कविता | सविता गर्ग 'सावी'



## विष्णु चरण तै निकली गंगा

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई


राजा सागर के पुत्रां नै जब
कपिल मुनि का उपहास करया
आंख खोल कै गेड़ी दृष्टि
पल में सब तै भसम करया
जब दुनिया नै बेरा पाटया मचगी सारै दुहाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

स्वर्ग लोक तै चल कै गंगा
मृत्यु लोक मैं आई
सब ऋषियां की कुटिया बह गई
मच गई सारै तबाही
जाहनू ऋषि नै पी कै गंगा मन मैं शांति पाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई

हाथ जोड़ कै बोल्या भागीरथ
विनती मेरी स्वीकार करो
मेरे पित्तर सै अधोगति मैं
उन सब का उद्धार करो
सावी गावै झूम झूम कै जय हो गंगा माई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

विष्णु चरण तै निकली गंगा शंकर जटा समाई
भागीरथ नै करी तपस्या जब धरती पै आई।

गीत | सुरेश भाणा



## नशा करै बुरी दशा

नशा करै बुरी दशा क्रोध का बाप बताया जा
क्रोध के कारण मति भ्रम हो ना बिल्कुल भी समझाया जा

नशे के कारण इस जग में ज्यादा झगड़े होते देखे
बुद्धि से ना काम लेवैं , वैं फेर पाछै तै रोते देखे
लाख बुराई हर तरियां की अपने सिर पै ढोते देखे
भाईचारा रिस्तेदारी और यारी नै भी खोते देखे
काम ईसा कर जाते जो ना फेर पाछै तै सँगवाया जा

नशा करणिया माणस के घर होज्या धन का टोटा
उसका कुणबा भूखा सोवै काम बणै घणा खोटा
टूम ठेकरी बासण बिकज्यां सिर पै हो कर्जा मोटा
सारी दुनिया देवै बुराई छुटज्या मेर मळओटा
चिंता रहती चौबीस घंटे फेर पिया जा ना खाया जा

क्रोध के कारण बैर बढै ये पैदा होज्यां कठिनाई
क्रोध के कारण अक्ल खत्म हो रहै ना गात समाई
क्रोध के कारण कुणबा टूटै और न्यारे होज्यां भाई
क्रोध के कारण बड़े बड़े खपगे ना कोई निशानी पाई
क्रोध करणिया माणस फेर सारे जग में बिसराया जा

काम क्रोध मद लोभ छोड़ कै प्यार निभाणा चाहिए
छोटी मोटी बातां पै ना कदे गुस्सा ठाणा चाहिए
जो लागै बोल सभी नै सुथरा ईसा ए गाणा चाहिए
जन्म लेण नै फेर दोबारा मनै यो पाई भाणा चाहिए
कहै सुरेश गुरु चरणों में यो हरदम शीश झुकाया जा


haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

नैतिक मूल्य | संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए, डिजिटल युग में मोबाइल फोन बन रहे अकेलेपन के साथी



# चिंता का विषय है बदलता सामाजिक परिवेश

जीवनशैली | कृष्ण गोपाल सोलंकी




**अपने परिवार को आर्थिक और सामाजिक गति देना आवश्यक है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि हम पहले एक स्वस्थ और संस्कारवान माहौल तैयार करें और उसकी शुरुआत अपने घर से करें। महँगे संसाधनों से ज्यादा बच्चों को हमारे 'समय' और 'साथ' की जरूरत है। हम अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा जरूर दें, लेकिन उसके साथ सुसंस्कारों की नींव भी रखें। जब तक शिक्षा और संस्कार का मेल नहीं होगा, तब तक हम एक सुखी और सुरक्षित समाज की कल्पना नहीं कर सकते। अंततः, हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा ताकि हरियाणा का वह खोया हुआ सौहार्द और प्रेम पुनः लौट सके।**

हरियाणा प्रदेश, जिसे कभी अपने दूध-दही के खान-पान, आपसी प्रेम, भाईचारे और अटूट सहयोग के लिए जाना जाता था, आज एक अजीब से संक्रमण काल से गुजर रहा है। जिस धरती की पहचान बड़ों के प्रति अगाध सम्मान और निःस्वार्थ सेवा थी, आज वहां की तस्वीर कुछ धुंधली और अलग हो गई है।

यह विडंबना ही है कि विकास की दौड़ में आगे बढ़ते हुए हम अपने नैतिक मूल्यों को पीछे छोड़ आए हैं। नई पीढ़ी के व्यवहार में बड़ों के प्रति सम्मान, दिखावे की खोखली जिंदगी और बढ़ती नशाखोरी आज हर संवेदनशील व्यक्ति के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है। आज का इंसान अपने वास्तविक स्वधर्म और मानवता को भूलकर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के दलदल में बुरी तरह फंस गया है। जिसके कारण समाज में नैतिक मूल्यों का पतन बड़ी तेजी से हो रहा है। भाईचारे की मिसाल कहे जाने वाले हरियाणा में इन दिनों ऐसी-ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिनसे मानवता शर्मसार हो उठती है। सहनशीलता का स्तर इतना गिर गया है कि जरा-जरा सी बात पर खून-खराबा होना आम बात हो गई है। उदाहरण के तौर पर, अक्सर देखने में आता है कि खेत की एक इंच मेंढ या घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने जैसी मामूली बात पर वर्षों पुराने पड़ोसी या सगे भाई एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। यह वही समाज है जहाँ कभी पड़ोसी के दुख को अपना दुख समझा जाता था, लेकिन आज क्रोध और अहंकार ने विवेक को हर लिया है। भौतिक सुखों की अंधी दौड़ और खुद को रातों-रात अमीर बनाने की चाहत में माता-पिता अब अनजाने में ही सही, अपने बच्चों को वह समय नहीं दे पा रहे हैं, जो उनके चरित्र निर्माण के लिए अनिवार्य था। इसका परिणाम यह हुआ है कि संयुक्त परिवारों के आंगन अब दीवारों में बंट गए हैं; अलग-अलग चौखटें और अलग-अलग रास्ते हो गए हैं। इस अलगाव का सबसे बड़ा और दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ा है। जिस उम्र में उन्हें घर के बुजुर्गों के सानिध्य में स्नेह, सहयोग, तालमेल और रिश्तों की मिठास सीखनी चाहिए थी, उस कच्ची उम्र में वे मोबाइल की दुनिया में अकेलेपन के साथी बन गए हैं। वे बेढंगी और अर्थहीन 'रील्स' देख रहे हैं और खुद भी वैसा ही बनावटी जीवन जीने का प्रयास कर रहे हैं। इस जलती आग में घी डालने का काम किया है, नए दौर के हरियाणवी गानों ने। साहित्य और संगीत, जो कभी समाज का दर्पण हुआ करते थे, आज पथभ्रष्ट हो चुके हैं। इन गीतों की भाषा शैली न केवल असभ्य है, बल्कि यह लेखकों की परवरिश और उनके संस्कारों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाती है। गीतों में जेल, पिस्तौल, बदमाशी, मार-काट और शराब जैसे शब्दों का प्रयोग और महिमामंडन इस प्रकार किया गया है, जिससे प्रभावित होकर युवा वर्ग इसे ही जीवन का 'सच्चा सुख' और 'रुतबा' मान बैठा है। तकनीकी और पैसे के इस दौर ने माता-पिता से जहाँ उनके बच्चे छीन लिए, वहीं माता-पिता भी अपनी व्यस्तताओं के चलते अपने बच्चों से कोसों दूर होते जा रहे हैं। संवादहीनता के इस दौर में सहनशीलता पूरी तरह ख़त्म हो गई है। आज के बच्चे जीवन के छोटे-छोटे संघर्षों और बुरे समय का सामना करने से डरते हैं। उनकी मानसिक स्थिति इतनी नाजुक हो गई है कि परीक्षा में थोड़े कम अंक आ जाएं या कोई मनचाही वस्तु न मिले, तो वे आत्महत्या जैसा कायरतापूर्ण कदम उठाने में भी संकोच नहीं करते। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण यह है कि उनके पास कोई अपना ऐसा नहीं है जिससे वे मन की बात कर सकें, कोई समझाने वाला नहीं है जो उन्हें बताए कि असफलता जीवन का अंत नहीं है। ऐसे में यह प्रत्येक माता-पिता की नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों के प्रति सजग रहें। घर से बाहर कदम रखते बच्चों के बारे में माता-पिता को यह पता होना ही चाहिए कि हमारा बच्चा कहाँ है, किसके साथ उठ-बैठ रहा है और वह क्या करता है?

# हरियाणा की माटी से निखरी कला-साधिका ममता शर्मा

कलाकार | दिनेश शर्मा 'दिनेश'



*अंधेरी रात जब बीते उजाला लौट आता है,*
*अमावस का अंधेरा भी कभी ना रोक पाता है।*
*करे कोशिश अगर कोई, सफलता मिल ही जाती है;*
*इरादे हों अटल जिसके, जमाना सिर झुकाता है।*

कुछ ऐसी ही होती है जीवन में संघर्षों से होकर सफलता तक पहुँचने की कहानी। यदि हौसलों में उड़ान हो तो अभाव केवल पड़ाव बनकर रह जाते हैं। हरियाणा की लोक संस्कृति के फलक पर शोभित लोक कलाकार ममता शर्मा ने यह सिद्ध करके दिखाया है। एक श्रमिक परिवार की बेटी से लेकर आज अनगिनत मंचों की शान बनने तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण भी है।रोहतक जिले के गाँव मुरादपुर टेकना में एक अत्यंत साधारण और कृषक परिवार में जन्मी ममता का बचपन आर्थिक तंगी में गुज़रा।

माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी कर घर का खर्च चलाते थे। वे भले ही अक्षरज्ञान से दूर थे, किंतु अपनी संतानों को संस्कार और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाना भली-भांति जानते थे। ममता बताती हैं, "दरिद्रता हमारे घर की चौखट पर अवश्य थी, किंतु मेरे माता-पिता ने हमारे आत्मबल को कभी विपन्न नहीं होने दिया।" ममता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा (आठवीं तक) गाँव के ही सरकारी विद्यालय से तथा दसवीं की परीक्षा मोखरा गाँव से उत्तीर्ण की। बाल्यकाल से ही उनके मन में हरियाणवी संस्कृति, मटका दौड़, नाटक और पारंपरिक वेशभूषा के प्रति गहरा अनुराग था। विद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों में वह अपनी कला का लोहा मनवाती रहीं। किंतु नियति को कुछ और ही स्वीकार था।घर की विषम परिस्थितियों के चलते, महज 15 वर्ष की अल्पायु में ही उन्हें गृहस्थी के बंधन में बाँध दिया गया। उनका विवाह हिसार के निकट स्थित गाँव बांस में हुआ। एक हँसती-खेलती किशोरी ने सिर पर घूँघट और घर-गृहस्थी की बड़ी जिम्मेदारियों के बीच अपने कलाकार मन को एक लंबी चुप्पी में कैद कर लिया। ममता अतीत के पन्ने पलटते हुए कहती हैं, "विवाह के उपरांत नए दायित्व थे, संतान सुख था और भरा-पूरा परिवार था। मैंने सब कुछ संभाल लिया, किंतु हृदय के किसी कोने में एक कसक बाकी थी कि मेरा सपना अधूरा है। मुझे अपनी लोक-परंपरा के संरक्षण के लिए कुछ करना है।"





बदलते समय के साथ ममता के सपनों को नया जीवन मिला। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति, ठेठ बोली और सादगी से भरे वीडियो साझा करने शुरू किए। उनकी सहजता और लोककला ने जनमानस को प्रभावित किया और वह अत्यंत लोकप्रिय हो गईं।उनका मानना है कि उनकी सफलता के पीछे सबसे बड़ा हाथ उनके पति सुरेश शर्मा का है। हरियाणा के ग्रामीण परिवेश में जहाँ प्रायः वधुओं की प्रतिभा चूल्हे-चौके तक सिमट जाती है, वहीं ममता के पति ने एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने न केवल ममता की कला का साथ दिया, बल्कि उनकी अधूरी शिक्षा को भी पुनः आरंभ कराया। एक वर्ष पूर्व उन्होंने ममता का बारहवीं कक्षा में नामांकन करवाया। ममता का कहना है, "सीखने की कोई समय-सीमा नहीं होती। आज मैं अध्ययन भी कर रही हूँ, गृहस्थी भी संभाल रही हूँ और मंच पर भी सक्रिय हूँ। मेरा उद्देश्य उन महिलाओं में चेतना जगाना है जो विवाह के उपरांत अपने स्वप्नों को तिलांजलि दे देती हैं।"इसी संदर्भ में वह भावुक होकर कहती हैं, "आज यदि मैं समाज के समक्ष चमक रही हूँ, तो इसमें मेरी मेहनत से अधिक मेरे पति का त्याग है। वे मुझे प्रत्येक कार्यक्रम में स्वयं छोड़कर जाते हैं और ससम्मान वापस लाते हैं। ससुराल में आकर यदि उनका साथ न मिलता, तो मैं कभी भी घर की देहली नहीं लांघ पाती।

### गुरु का सान्निध्य और शिक्षा की नई अलख

ममता की प्रतिभा को वास्तविक विस्तार पद्मश्री महावीर गुड्डू के सान्निध्य से मिला, जिन्होंने उनकी कला को तराशा और उन्हें प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई। वह 'इंडियाज गॉट टैलेंट' जैसे बड़े मंच पर भी हरियाणवी संस्कृति का परचम लहरा चुकी हैं। अब वह विदेशों में भी हरियाणवी संस्कृति का ध्वज फहराने की तैयारी कर रही हैं। ममता शर्मा का लक्ष्य केवल प्रशंसा बटोरना नहीं है। उनकी आँखों में एक बड़ा सपना तैर रहा है। वह दृढ़ता से कहती हैं, "मेरी आत्मा को शांति तब मिलेगी जब हरियाणवी लोक कला, हमारा परिधान और हमारे संस्कार हिंदी सिनेमा से लेकर विदेशी मंचों तक अपनी विशिष्ट पहचान बनाएंगे। यह मेरा स्वप्न मात्र नहीं, अपितु संकल्प है।"

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त संग्रह किया

**पूंडरी ।** पंजाबी युवा सभा फतेहपुर–पूंडरी द्वारा पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के युवाओं व नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्रधान दीपक नंदराजोग ने बताया कि रक्तदान महादान है और ऐसे शिविरों से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है।

### प्रदेश में कानून का नहीं अपराध का राज : रणदीप

**नरवाना ।** नरवाना में रविवार को एक दुकानदार से 50 लाख रुपए की फिरौती मांग कर दुकान पर गोली चलाने की घटना पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, राज्यसभा सांसद व हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रणदीप सुरजेवाला ने कड़े शब्दों में निंदा की है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जिस प्रकार से आज कानून व्यवस्था के हालात बने हुए हैंए उसे हरियाणा में कानून व्यवस्था का पूरी तरह दिवाला निकल चुका है।

### बैकवर्ड धर्मशाला में हुई कुम्हार समाज की बैठक

**उचाना ।** शहर की बैकवर्ड धर्मशाला में कुम्हार समाज की मीटिंग हुई। अध्यक्षता बस्तीराम ने की। संचालन सत्यनाराण ने किया। मीटिंग में उचाना ब्लॉक के गांव से पहुंचे लोगों ने समस्याओं को रखा चर्चा की। मीटिंग के माध्यम से सीएम नायब सिंह सैनी से कुम्हार समाज की समस्याओं को दूर करने की मांग की। बस्तीराम ने बताया कि गांवों में मिट्टी के बर्तन बनाने, पकाने के लिए जगह उपलब्ध कराने में सरकार की तरफ से सहयोग देने की मांग की।

### सैनी की लोकप्रियता से विपक्ष की उड़ी नींदः अत्री

**उचाना ।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। वो हर रोज अपने आवास पर लोगों से रूबरू होते है। विधायक ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की बढ़ती आमजन में लोकप्रियता से विपक्ष बौखला गया है। विपक्ष के नेताओं की रातों की नींद उड़ गई है। हरियाणा प्रदेश विकास के मामले में नंबर वन पर है। विकसित उचाना के सपने को साकार करने के लिए कार्य कर रहे है।

### छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की योजना बनाई गई थी

# शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग का टीकाकरण अभियान रहा फीका

**कर्मचारियों ने अवकाश के दिन टीकाकरण को सरकार एवं विभाग का अव्यवहारिक और गैरप्रासंगिक फैसला बताया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद





जींद। टीकाकरण ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मी इंतजार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मिशन निदेशक के आदेशों के अनुरूप रविवार को प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण का नया प्रयोग किया गया। जिसमें टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाने का प्लान तैयार किया गया था लेकिन छुट्टी का दिन होने के चलते ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों एवं परिवार सहित पारिवारिक या निजी कार्यक्रमों में व्यस्त या घर से बाहर होने के चलते कार्यक्रम फीका रहा। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य उपप्रधान सुदेश, जिला प्रधान प्रदीप लाठर, सचिव गुरनाम सिंह ने जिलेभर से जुटाए आंकड़ों का अवलोकन करने के बाद मीडिया को जानकारी सांझा करते हुए बताया कि सरकार एवं विभाग के अव्यवहारिक एवं गैरप्रासंगिक फैसले के कारण रविवार को दिए गए। आदेशों के अनुरूप प्रदेशभर में लगाए गए टीकाकरण शिविर छुट्टी का दिन होने के चलते ज्यादातर परिवार अपने बच्चों सहित या तो निजी कार्यक्रमों से घर से बाहर थे या निजी कार्यक्रमों में व्यस्त रहे। जिससे कर्मचारी पूरा दिन अकेले टीकाकरण साइट पर बैठ कर इंतजार करते रहे तथा जिलेभर में टीकाकरण का औसत मात्र 1 प्रतिशत से भी कम रहा।

जिला प्रधान प्रदीप लाठर ने कहा कि रविवार को टीकाकरण करवाने के आदेश जारी करना न केवल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की मानवीय भावनाओं के प्रतिकूल है बल्कि अघोषित शोषण है। जिसका कर्मचारी वर्ग पुरजोर विरोध करता है तथा सरकार से मांग करता है कि सप्ताह के वर्किंग डेज में टीकाकरण शिविर आयोजित करवाए जाएं। आज प्रदेश के अनेक जिलों में लगाए गए शिविर न केवल असफल प्रयोग रहे बल्कि महिला कर्मचारी अपने बच्चों से दूर रहीएसप्ताह में केवल एक दिन मिलता है। जिस दिन वे अपने बच्चों के साथ रह कर उनकी भावनाओं एवं पारिवारिक भावनाओं के अनुरूप उन्हें प्यार दुलार दे पाती है जो कि सरकार के तुगलकी फरमान के चलते मानसिक परेशानी भी हुई व कार्यक्रम सफल भी नहीं हुआ।

#### एमपीएचडब्ल्यू के सैकड़ों पद खाली

एसोसिएशन के राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि प्रदेश के अनेक जिलों में एमपीएचडब्ल्यू महिला एवं पुरुष के सैंकड़ों पद खाली पड़े हैं। जिससे कर्मचारियों पर पहले ही मल्टीपल कार्यों का बोझ है तथा जनहित में प्रोग्रामों को खींचा जा रहा है। रविवार के दिन कैंप के आदेशों से कर्मचारियों पर मानसिक तनाव बढ़ेगा एवं पारिवारिक ढांचे से दूर हो जाएंगे जो कि न परिवार की सेहत के लिए ठीक है न ही कर्मचारियों की।

#### कर्मचारियों में मानसिक परेशानी

प्रदेश में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के न्यू नॉर्म अनुसार शहरी क्षेत्र में 25 हजार की आबादी पर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पांच हजार की आबादी पर एक एमपीएचडब्ल्यू महिला एवं पुरुष की नियुक्ति होनी चाहिए। जबकि हालात इसके बिल्कुल विपरित हैं। प्रदेश के अनेक जिलों में अठारह से बीस हजार की आबादी पर उप स्वास्थय केंद्र है। जिनमें भी हरियाणा प्रदेशभर में कुल 849 पद एमपीएचडब्ल्यू महिला एवं 816 पद एमपीएचडब्ल्यू पुरुष के खाली पड़े हैं। जिससे न केवल स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं बल्कि पहले से कार्यरत कर्मचारियों मानसिक परेशानी एवं स्ट्रेस में है। जिला सचिव गुरनाम सिंह ने 12 दिसंबर को डायरेक्टर एमसीएच द्वारा सिविल सर्जनों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा सेशन साइट की जीपीएस कैमरा से फोटो भेजने बारे आदेश दिए। जिसका एसोसिएशन कड़े शब्दों में निंदा करती है। बिना कोई संसाधन उपलब्ध करवाए बाध्य किए जाने एवं निजी संसाधनों के दुरूपयोग पर एसोसिएशन पहले से ही गत 25 अक्टूबर से ऑनलाइन स्वास्थ्य पोर्टलों का बहिष्कार किए हुए है तथा कर्मचारी वर्ग ने यूवीन, अनमोल, निरोगी हरियाण, एनसीडी, डिजीज सर्वेलेंस, आभा, एएनीमिया मुक्त भारत, आशा पे एप सहित सभी कार्यों का बहिष्कार किया हुआ है तथा वर्तमान में जीपीएस कैमरा से फोटो भेजने के आदेशों का भी बहिष्कार करता है तथा कर्मचारी निजी फोन से कोई लोकेशन आधारित सहित अन्य ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे।



जींद । मंत्री से मिलते हुए मैढ़ सुनार सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करेगी सभा

- मैढ सुनार सभा का सम्मान समारोह व भण्डारा कार्यक्रम 11 जनवरी को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मैढ सुनार सभा द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर 11 जनवरी को स्थानीय सैक्टर 6 में स्थित महाराज अजमीढ भवन एवं सुनार धर्मशाला में सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी तथा हरियाणा विधान सभा के उपसभापति डा. कृष्ण लाल मिड्डा प्रधानमन्त्री के स्वच्छ भारत मिशन अभियान की सफलता सुनिश्चित करने वाले सफाई कर्मचारियों को मैढ सुनार सभा की तरफ से मकर संक्रान्ति का उपहार शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

हरियाणा राज्य सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र ढुल सहित समाज के राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य समाज सेवी भी शिरकत करेंगे। मैढ सुनार सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी व महासचिव राममेहर वर्मा की अगुवाई में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी को सफाई कर्मचारियों के सम्मान समारोह का निमंत्रण दिया।

सभा के महासचिव राममेहर वर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश सोनी, उपप्रधान रमेश वर्मा तथा सलाहकार बालकृष्ण सोनी ने बताया कि समाज मे व्यापक एकता व भाई चारे को मजबूत करने तथा सामाजिक तौर पर बराबरी का दर्जा दिलवाने की पहल करने के लिए मैढ सुनार सभा द्वारा मकर सक्रांन्ति पर उक्त सम्मान समारोह में सफाई कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

वित्त सचिव गौरव सोनी व सह कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह, सहसचिव नरेंद्र भामा, उपप्रधान इंद्र सिंह वर्मा, संगठन सचिव अनिल सोनी व महाबीर सोनी ने बताया कि 28 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्य करते हुए बुजुर्गों का मान सम्मान हासिल रहे उसके लिए बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## उचाना कलां की गली में भरा सीवर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना



उचाना कलां। हांसी–नारनौंद रोड पर भरा सीवर का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

उचाना कलां में वार्ड हांसी नारनौंद रोड पर अंडरपास मोड से कुछ दूरी पर सड़क, गली में सीवर का पानी भर जाने से वाहन चालकोंए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर गली में सीवर जाम होने के चलते पानी गली से होकर सड़क पर भर रहा है। कुछ दिन पहले भी सड़क, गली में पानी भर गया था। सीवर जाम रहने की समस्या से छुटकारा स्थाई रूप से दिलाने की मांग वाहन चालकोंए राहगीरों ने की है ताकि आवागमन में जो परेशानी हो वो दूर हो सकें। मनोज, राहुल, संदीप ने कहा कि सीवर जाम होने के बाद गंदा पानी गलीए सड़क पर भर जाता है। गंदे पानी से आने वाली बदबू से आना-जाना मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी पैदल आने.जाने वालों को होती है। सीवर जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग करते आ रहे है। कुछ दिन पहले भी सीवर जाम होने से पानी सड़क पर भर गया था। नियमित रूप से इसका समाधान प्रशासन करें ताकि ये जो समस्या बार.बार आती है उसका समाधान हो सकें। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुनीता ने कहा कि नियमित रूप से सीवरों की सफाई होती है।

### बाबा बालक नाथ का कलायत में स्वागत

**कलायत ।** राजस्थान विधानसभा में भाजपा विधायक एवं पूर्व सांसद बाबा बालक नाथ रविवार का कलायत पहुंचे। इस दौरान उनका युवा समाज सेवी अजय रायका एवं राकेश रायका बंधू के आवास पर स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत की अध्यक्षता में वरिष्ठ नेता जयदीप राणा, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा, जगदीश रायका, रवींद्र निर्मल बंटी, बंबू राम फौजी, जनक सिंह, शमशेर सिंह, राहुल राणा, गुलाब सिंह व पार्षद मौजूद रहे। बाबा बालक नाथ किसी प्रकार की राजनैतिक बयानबाजी से पूरी तरह दूर रहे।

## आक्रोश प्रदर्शन में भाग लेने के लिए जींद से कुरूक्षेत्र रवाना हुए मनरेगा मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद




जींद । आक्रोश प्रदर्शन के लिए रवाना होते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

बीजेपी सरकार द्वारा निर्माण व मनरेगा मजदूरों के लिए बने कानूनों पर पर हमला करके इनकी रोजी, रोटी पर हमला किया है। हकों पर लगातार हो रहे हमलों, बंद पड़े सरकारी पोर्टलों, ठप मनरेगा को शुरू करवाने, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, बेरोजगारी और खुले भ्रष्टाचार के खिलाफ रविवार को विशाल आक्रोश प्रदर्शन के लिए जींद जिला से निर्माण मजदूरों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कुरुक्षेत्र कूच किया। इस आक्रोश प्रदर्शन के तहत निर्माण मजदूर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र ईगराह, सचिव संदीप जाजवान व कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि निर्माण मजदूर कल्याण बोर्ड से जुड़े पोर्टल पांच महीनों से बंद किया हुआ है। जिसका बहाना भ्रष्टाचार का लिए जा रहा।

## पूर्व मंत्री नरसिंह ढांडा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



गांव सिंबल खेड़ी में स्व: नर सिंह ढांडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व उनके पुत्र तुषार ढांडा तथा अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रहे चौधरी नर सिंह ढांडा ने सामाजिक राजनीतिक जीवन में सदैव उच्च आदर्श स्थापित किए। उनके दिखा, मार्ग पर न केवल राजनीतिए अपितु सामाजिक क्षेत्र में भी लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। स्वच्छ राजनीति और भेदभाव रहित परंपरा पर उनका जीवन प्रदेश भर में मिसाल है।


यह कहना है महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं स्वर्गीय चौधरी नर सिंह ढांडा की धर्मपत्नी एवं पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का। उन्होंने रविवार को पैतृक गांव खेड़ी सिम्बलवाली में पुत्र तुषार ढांडा व परिजनों सहित चौधरी नर सिंह ढांडा की पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति स्थल पर पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### केवि बुडायन में वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम व स्थापना दिवस आज

**उचाना ।** सोमवार 15 दिसंबर को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में स्थापना दिवस एवं वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। विशिष्ट अतिथि डीसी जींद होंगे। एडीसी जींद, एसडीएम उचाना भी मुख्य रूप से पहुंचेंगे। विद्यार्थियों द्वारा सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## क्रिसमस-डे को लेकर चर्च की सजावट जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



गांव संतोख माजरा में स्थित चर्च ।फोटो : हरिभूमि

25 दिसंबर को गांव संतोख माजरा में क्रिसमस-डे को लेकर चर्च को सजाने का कार्य जोरों पर चला हुआ है। गांव के पूर्व सरपंच व चर्च कमेटी के सचिव जोसफदास व पादरी आशीष एलफरेड ने बताया कि 200 वर्ष पहले यह गांव आबाद हुआ था गांव में ही एक छोटी सी चर्च हुआ करती थी। लेकिन 1953-54 में गांव से बाहर राजौंद कोटडा मार्ग के साथ इस चर्च की स्थापना की गई तब से लेकर अब तक हर वर्ष क्रिसमस डे का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस गांव के जो लोग विदेशों में गए हुए है वह भी अपने पैतृक गांव में आकर प्रार्थना में हिस्सा लेते है। इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाते है। चर्च में 20 दिसंबर से ही झांकियां निकालनी शुरू हो जाती है जो 25 दिसंबर तक जारी रहेगी। जिसमें कैरोल सिंगिंग व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। बच्चों द्वारा प्रार्थना की जाती जो गांव में घर घर जाकर लोगों को सुख शांति का संदेश देते है तथा भगवान यीशु के जन्मदिन की बधाई दी जाती है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस-डे को बड़े दिन के रूप में भी मनाया जाता है। जिसके लिए आसपास के असंध कैथल व गांव बस्सी से भारी संख्या में लोग आकर इस त्यौहार में शामिल होते हैं।

**कार्यक्रम** | स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी पर कांगड़ी में होगा अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन

# दिल्ली में महर्षि दयानंद के नाम से अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय बनाए केंद्र सरकार : आर्यवेश

- आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद






जींद । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी आर्यवेश। व कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

स्वामी दयानंद पार्क में अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल एवं स्वामी श्रद्धानंद की स्मृति में तथा आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की।

स्वामी आर्यवेश ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती वर्ष के अवसर पर केंद्र सरकार को दिल्ली में उनके नाम से एक अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय स्थापित करना चाहिए। जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज के योगदान को प्रदर्शित किया जाए। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि आज समाज को सबसे अधिक आवश्यकता युवाओं के निर्माण की है। दुर्भाग्यवश इस दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं हो रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि स्वामी श्रद्धानंद की बलिदान शताब्दी के अवसर पर वर्ष 2026 में हरिद्वार स्थित कांगड़ी में अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। हैदराबाद से आए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री प्रो. विलराव आर्य ने कहा कि समाज को अंधविश्वास, पाखंड और अपराधी मानसिकता से मुक्त करना होगा। आर्य समाज वसुधैव कुटुंबकम की भावना से कार्य करते हुए समरस और सशक्त समाज के निर्माण में लगा है।

#### देश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की मांग

कार्यक्रम के संयोजक एवं नशाबंदी संघर्ष समिति के प्रधान स्वामी रामवेश ने देश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की मांग की तथा प्रधानमंत्री से इस विषय पर राष्ट्रीय नीति बनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जिला स्तर पर नशाबंदी समितियां बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि देश में सामाजिक सौहार्द की स्थापना वेद आधारित विचारधारा से ही संभव है। आर्य समाज द्वारा संचालित बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम आर्या ने कहा कि बेटियां केवल नारे बदलने से नहींए बल्कि मानसिकता बदलने से सुरक्षित होंगी। समाजसेवी रणबीर लोहान ने नशे को समाज पर कलंक बताते हुए आर्य समाज के अभियान को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। डायरी एसोसिएशन जींद के प्रधान रमेश ढिल्लो ने कहा कि आर्य समाज देशभर में जनजागरण का निरंतर अभियान चला रहा है। आर्य समाज हरियाणा के संगठन मंत्री जगफूल ढिल्लो ने कहा कि ऋषि दयानन्द की विचारधारा आज पहले से अधिक प्रासंगिक है।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर इंडस स्कूल के निदेशक सुभाष श्योराण, अशोक आर्य, वजीर ढांडा, सज्जन राठी, धर्मेन्द्र आर्य, धर्मबीर सरपंच, देवेंद्र सहारन, रमेश ढिल्लो, विजय आर्य, स्वामी विजयवेश, जगदीश, आजाद सिंह, दलबीर आर्य, रणधीर रेढू, सत्यवीर, राजेश आर्य, कर्ण सिंह, बाबूलाल आर्य, रघुबीर बुरा आदि ने विचार रखे।

#### आर्य समाज की सप्त संकल्प मांगें

दिल्ली में महर्षि दयानंद सरस्वती की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली में स्थापित किया जाए। महर्षि दयानंद के नाम से समाज सुधार व युवा जागरण हेतु राष्ट्रीय योजना प्रारम्भ हो। भिनाय कोठी अजमेर, राजस्थान को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किया जाए। वैदिक शिक्षा के संरक्षण हेतु गुरुकुलों को 200 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान दिया जाए। वैदिक पुरोहितों को योग्यता अनुसार सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित किया जाए। वेद प्रचार हेतु आर्य समाज को 150 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया जाए। महर्षि दयानंद सरस्वती को आधुनिक दर्शनिकों एवं राष्ट्रनिर्माताओं में आधिकारिक स्थान दिया जाए।



जींद । देवीलाल चौक के पास स्थित छोटा अंडरपास जहां अवरोधक लगाने की मांग की गई है। फोटो : हरिभूमि

## देवीलाल चौक अंडरपास के दोनों तरफ बैरियर न होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने आरोप लगाया है कि देवीलाल चौक के पास बनाए गए छोटे अंडरपास के दोनों तरफ अभी तक बैरियर न लगने से पैदल यात्री परेशान हो कर रह गए है। गोयल का कहना है कि जब इस छोटे अंडरपास का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तो फिर रेलवे विभाग बैरियर लगाने में किसकी इंतजार कर रहा है। रेलवे विभाग की ढील से हर रोज सैंकड़ों पैदल यात्री परेशान हो रहे है। रेलवे विभाग को इन पैदल यात्रियों की परेशानी को समझना चाहिए और जल्द से जल्द अंडरपास के दोनो तरफ बैरियर लगाने चाहिए। गोयल का कहना है कि यह अंडरपास केवल पैदल यात्रियों और दोपहिया वाहनों के लिए बनाया गया था लेकिन बड़े वाहनों के प्रवेश से इसकी उपयोगिता और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रही हैं।